उपमुख्यमंत्री बैरवा की सुरक्षा में तैनात एक जवान की सड़क हादसे में मौत

जयपुर। राजधानी के एमआई रोड पर मंगलवार सुबह उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा की सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मी सडक हादसे में घायल हो गए। इनमें से एक जवान रामावतार बुनकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि मनोज मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी का एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

वहीं दुर्घटना की सूचना मिलने पर उपमुख्यमंत्री बैरवा भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे। जवान की मेडिकल रिपोर्ट की जानकारी लेकर डॉक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री का मंगलवार को भरतपुर में कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसी ड्यूटी में जाने के लिए दोनों जवान रामवतार और मनोज मीणा बाइक पर आ रहे थे। गवर्नमेंट चौराहे पर मंगलवार सुबह एक्सीडेंट हो गया। जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से ट्रॉमा सेंटर लाकर भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज किया गया।

ट्रोमा सेंटर के इंचार्ज और हड्डी रोग डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जवान रामावतार जब हॉस्पिटल आया था, तब उसकी हालात बेहद नाजुक थी, जिसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है।

बदमाशों को गिरफ्तार कर पन्द्रह लाख के वाहन बरामद किए

- मास्टर चाबी गैंग पांच शातिर चोर गिरफ्तार
- चोरी किए गए वाहनों को सुनसान स्थानों या झाड़ियों में छिपा देते थे

जयपुर । झालावाड़ जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय और बेहद शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पन्द्रह 15 लाख की अनुमानित कीमत की 11 मोटरसाइकिल और एक महंगी स्विफ्ट कार सहित कुल 12 चोरी के वाहन बरामद किए हैं।

इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना सहित पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके खिलाफ चोरी, नकबजनी, लूटपाट और हत्या के प्रयास जैसे कुल 33 संगीन मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय और बेहद शातिर वाहन चोर गिरोह के शातिर बदमाश समीर उर्फ टुंडा (28) निवासी पीलखाना मोहल्ला गिरोह का सरगना है, जिसके खिलाफ नकबजनी, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, एक्साइज एक्ट जैसे 20 संगीन प्रकरण दर्ज हैं। साथी कैलाश चन्द (25) निवासी कुशलपुरा के खिलाफ चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट सहित 7 प्रकरण, शाहिद खान उर्फ चम्मू (30) निवासी के खिलाफ नकबजनी, एक्साइज एक्ट सहित 4 प्रकरण, सुरेन्द्र धाकड़ (26) निवासी हरिगढ खेड़ा के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट के 2 प्रकरण और आकाश (25) निवासी कुम्हार मोहल्ला धुलेट कोटा ग्रामीण का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त बेहद शातिर और आदतन अपराधी हैं। इनका आपराधिक रिकॉर्ड चौंकाने वाला है।

पुलिस ने 11 मोटरसाइकिल व एक महंगी स्विफ्ट कार सहित कुल 12 चोरी के वाहन बरामद किए।

मास्टर चाबी और रंग बदलने का खेल:

पूछताछ में इन अपराधियों ने वाहन चोरी के तरीके का खुलासा किया। ये अधिकतर हीरो कंपनी की बाइक को निशाना बनाते थे, क्योंकि उनकी बाजार में अच्छी मांग होती है और उन्हें आसानी से बेचा जा सकता है। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वाहनों की रेकी करते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति अपना वाहन खड़ा करके जाता था, ये तुरंत मास्टर चाबी का उपयोग कर गाड़ी का लॉक खोलते थे। चोरी किए गए वाहनों को सुनसान स्थानों या झाड़ियों में छिपा देते थे। पहचान से बचने के लिए तुरंत नंबर प्लेट हटा देते थे, उन पर दूसरी गाड़ियों की नंबर प्लेट लगा देते थे या गाड़ी का रंग भी बदल देते थे। इंजन नंबर और चेसिस नंबर भी मिटाने का प्रयास करते थे। बाद में इन चोरी की गाड़ियों को औने-पौने दामों में बेचकर अपने महंगे शौक पूरे करते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ जारी है और उम्मीद है कि झालावाड़ सहित आसपास के जिलों में चोरी की और भी कई वारदातों का खुलासा हो सकता है। इस महत्वपूर्ण सफलता में सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबल राजेश स्वामी, कांस्टेबल चंद्रशेखर और कांस्टेबल भीम सिंह की विशेष भूमिका रही, जिनके अथक प्रयासों और बुद्धिमत्ता से इस गिरोह का पर्दाफाश संभव हो सका।

'प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता देने पर करें विचार'

- राज्य सरकार ने साल 1998 में पीटीआई के पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ता सफल हुए थे राज्य सरकार ने भर्ती को लेकर पहली नियुक्ति 5 दिसंबर,1998 को दी थी

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह पीटीआई भर्ती-1998 में याचिकाकर्ताओं को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता सहित अन्य परिलाभ देने पर विचार करें। इसके लिए अदालत ने याचिकाकर्ताओं को राज्य सरकार के समक्ष अपना अभ्यावेदन देने को कहा है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश अशोक कुमार व अन्य की ओर से दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने अदालत को बताया की राज्य सरकार ने साल 1998 में पीटीआई के पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ता सफल हुए थे। राज्य सरकार ने भर्ती को लेकर पहली नियुक्ति 5 दिसंबर,1998 को दी थी। वहीं योग्यता संबंधी विवाद होने पर भर्ती अटक गई। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट से तय होने के बाद याचिकाकर्ताओं को साल 2003 में नियुक्ति दी गई। याचिका में कहा गया कि उन्हें भर्ती के पांच साल बाद नियुक्ति दी गई और इसमें याचिकाकर्ताओं की कोई गलती नहीं थी। वहीं एक भर्ती के सभी अभ्यर्थियों को एक समान परिलाभ दिए जाने चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में गुहार की गई कि उन्हें भर्ती की प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता सहित अन्य परिलाभ दिलाए जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने इस संबंध में याचिकाकर्ताओं को अपना अभ्यावेदन राज्य सरकार को देने और राज्य सरकार को इसे तय करने को कहा है।

गंदगी, जल जमाव और कीचड़ से घिरे बालाजी और शनि देव

जयपुर। राजधानी के जगतपुरा रोड स्थित मॉडल टाउन के प्रेम नगर में खेड़ापति बालाजी और उससे जुड़े शनि देव मंदिर के प्रवेश मार्गों के चारोंओर टूटी फूटी सड़क पर जल जमाव, गंदगी और कीचड़ के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी दर्शन पूजन करने जाने वाली महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को हो रही है।

स्थानीय निवासी एडवोकेट शुभम कुरका ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक और संबंधित विभाग को कई बार शिकायत दी गई। इसके बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रावण माह में मंदिरों में विशेष भीड़ होती है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से तुरंत समाधान की मांग उठाई है। लोगों ने कहा कि गंदा पानी पूरे रास्ते में फैला रहता है जिससे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य खतरे में है, बल्कि श्रद्धा भी आहत हो रही है। बदबू की परेशानी के साथ रास्ते में कीचड़ से भरे गड्ढों में गिरने का भी खतरा रहता है।

हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने किया हिंगोनिया गोशाला का औचक निरीक्षण

- बीमार गायों को अलग से रख कर विशेष ध्यान, बैटर मॉनिटरिंग सिस्टम करें लागू - आयुक्त निधि पटेल

जयपुर । हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने मंगलवार को हिंगोनिया गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त निधि पटेल ने गोशाला में गायों के सार सम्भाल की व्यवस्थाएं देखी और गोशाला प्रबंधन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की।

इस दौरान निगम आयुक्त ने गोशाला में बैटर मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि गोशाला में बीमार गायों को अलग से रखा जाएं और लगातार मॉनिटरिंग की जाएं। इसके साथ ही गायों को गोचर क्षेत्र में भ्रमण कराएं, जिससे उनका स्वास्थ्य सही हो। एक साथ भीड़ में नहीं रखें, बाड़ों में सीमित संख्या में बीमार गायों को रखें। इनमें भी यदि कोई गाय गंभीर बीमार है तो उसे भी अलग से रखें। गायों को चरने के लिए अच्छा स्पेस दें, हल्के कुपोषण के स्तर पर ही पहचानें गाय को फिर उच्च प्रोटीन चारा देना है।

आयुक्त निधि पटेल (बीच में) ने गोशाला में गायों के सार सम्भाल की व्यवस्थाएं देखी।

मेन गेट पर कैमरे से निगरानी की जाएं, साथ ही एंट्री के समय एक ही गेट हो खोला जाएं। वहीं निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने गायों की गिनती के लिए नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने गोशाला के ट्रस्टियों से कहा किवे अन्य सुव्यवस्थित गोशालाओं का रिसर्च कर वहां की तकनीक का उपयोग करें।गोशाला ने तैनात पशु चिकित्सक से भी फीडबैक लिया और कहा कि बीमार गायों को मरने से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

अचानक ब्रेक लगाने के लिए टोकना एक स्कूटी सवार को पड़ा भारी

जयपुर। कालवाड थाना इलाके में कार के अचानक ब्रेक लगाने के लिए टोकना एक स्कूटी सवार को भारी पड़ गया। कार चला रही युवती के साथियों ने स्कूटी सवार की जमकर पिटाई कर दी। बचाने आए परिवार पर लाठी-डंडे से हमलाकर उनकी कार में तोड़फोड़ कर डाली। इस संबंध में थाने में पीड़ित की ओर से हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया।हेड कांस्टेबल सीताराम ने बताया कि आनंदम सिटी भैरव विहार निवासी सक्षम शर्मा (19) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह सोमवार की शाम अपने दोस्त के साथ स्कूटी पर घर लौट रहा था। आनंदम सिटी में आगे चल रही स्कोडा कार ने अचानक ब्रेक लगा दिए। खिड़की से अंदर देखने पर कार चला रही युवती से अचानक ब्रेक लगाने का कारण पूछा।इस बात से गुस्साए कार में मौजूद उसके तीन साथी नीचे उतरे। कार सवार हमलावरों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी।

'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना की समीक्षा बैठक हुई

- वास्तविक एवं एनसीडी पोर्टल पर प्रदर्शित डेटा के अंतर को किया जाए दूर

जयपुर। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से आयोजित 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को वास्तविक और एनसीडी पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे डेटा के बीच के अंतर को यथाशीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीडी पोर्टल आधारित सहकारी समितियों की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाकर पैक्स व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जाए।

शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष से वीसी के माध्यम से बैठक को सम्बोधित करते हुए राजपाल ने कहा कि पोर्टल पर रैंकिंग में 50 से कम अंक प्राप्त करने वाले पैक्स हमारे लिए चिन्ता का विषय होना चाहिए और इसमें सुधार के लिए सभी व्यावहारिक कदम उठाये जाने चाहिए। ट्रेनिंग मॉड्यूल से पैक्स व्यवस्थापक यह जान सकेंगे कि वे किन आधारों पर अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर रैंकिंग हेतु 5 प्रकार के मापदण्ड पहचान, गतिविधियां, भौतिक संरचना, वित्तीय प्रदर्शन एवं लेखा परीक्षण पर आधारित हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए एनसीडी पोर्टल पर डेटा प्रतिदिन अपडेट किया जाए। राजपाल ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की पहलों को क्रियान्वित करने में अच्छा कार्य कर रहे जिलों को पुरस्कृत किया जाए, जिससे अन्य जिलों को भी इनसे प्रोत्साहन मिले। इससे कमजोर प्रदर्शन वाले जिलों के गैप्स की पहचान भी आसानी से हो पाएगी। प्रमुख शासन सचिव ने राष्ट्रीय स्तर पर गठित तीन बहुराज्यीय सहकारी समितियों की सदस्यता के बिन्दु पर समीक्षा करते हुए कहा कि भारतीय बीज सहकारी समिति लि. की सदस्यता समस्त फंक्शनल पैक्स द्वारा अनिवार्य रूप से ली जाए। अब तक 5 हजार से अधिक पैक्स द्वारा इसके लिए आवेदन किया जा चुका है, जो सराहनीय है। शेष रही लगभग 3600 पैक्स से भी शीघ्र आवेदन करवाया जाए, जिससे शत प्रतिशत लक्ष्य पूरे हो सकें। भविष्य में पैक्स को इसके कई लाभ मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. एवं राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि.की सदस्यता का आंकड़ा भी सराहनीय है।

सोमवार को हुई तेज़ बारिश से रेल्वे स्टेसन मेट्रो स्टेसन के पास सड़क धंस ने पर ट्रैफिक डाइवर्ट करके सड़क को ठीक करते हुए।

मोबाइल टावर पर चढ़कर एक युवक ने आत्महत्या करने की दी धमकी

जयपुर। मालपुरा गेट थाना इलाके में मंगलवार शाम मोबाइल टावर पर चढ़कर एक युवक ने आत्महत्या करने की धमकी दी। लेन-देन के विवाद को लेकर परेशान युवक ने कोर्ट में चल रहे केस के जल्द निपटारे की मांग रखी। पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद समझाइश कर नीचे उतार लिया। मोबाइल टावर से नीचे उतरे युवक को पुलिस ने राउंडअप कर लिया।

थानाधिकारी मनेन्द्र सिंह ने बताया कि मोबाइल टावर पर चढ़ने वाला सांगानेर के गुर्जरों की ढाणी निवासी मोहन सैनी है, जो मंगलवार की शाम को एसडीएम ऑफिस के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दी। यह देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

दादी का फाटक अंडर पास में रात की बारिश के भरे पानी से निकलते बाईक सवार व पम्प के जरिये पानी को बाहर निकालने में लगे कर्मचारी।

माहेश्वरी समाज : मंजू खटोड़ विजयी घोषित

जयपुर । श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के त्रीवर्षीय चुनावी सत्र 2025 - 2028 के चुनाव में महिला परिषद् श्याम नगर चौकड़ी टीम रघुकुल से मंजू खटोड़ विजयी घोषित हुई । गौरतलब हैं कि मंजू खटोड़ प्रसिद्ध चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता (खटोड़) की धर्मपत्नी है।

राजस्थान में अपराधियों पर पुलिस का ऑपरेशन प्रहार: 2 दिन में 2903 बदमाश गिरफ्तार

- अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए रेंज महानिरीक्षक, जयपुर और जोधपुर कमिश्नर स्वयं नियंत्रण कक्षों में मौजूद रहे, जबकि पुलिस अधीक्षकों और डीसीपी ने फील्ड में रहकर समन्वय स्थापित किया

जयपुर । राजस्थान पुलिस ने प्रदेश में अपराधियों, माफियाओं और आपराधिक गैंग्स के खिलाफ एक विशाल और सुनियोजित अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव शर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस दो दिवसीय ''एरिया डोमिनेशन'' अभियान में 2 हजार 903 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जो राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय - पुलिस का ध्येय वाक्य हुआ साकार

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य ''आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय'' के अनुरूप इस राज्य स्तरीय अभियान को शुरू करने से पहले सभी जिलों और रेंजों द्वारा गहनता से तैयारी की गई थी। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए रेंज महानिरीक्षक, जयपुर और जोधपुर कमिश्नर स्वयं नियंत्रण कक्षों में मौजूद रहे, जबकि पुलिस अधीक्षकों और डीसीपी ने फील्ड में रहकर समन्वय स्थापित किया।

एडीजीपी एनएम ने बताया कि इस विशेष अभियान का मुख्य लक्ष्य उन गैंग्स को निशाना बनाना था जो आग्नेयास्त्रों का प्रदर्शन करते हैं या फायरिंग की घटनाओं में शामिल होते हैं। इसके अलावा, जघन्य अपराधों में वांछित अपराधी, स्थायी वारंटी, उद्घोषित अपराधी, इनामी बदमाश और सामान्य प्रकरणों में वांछित अभियुक्तों की भी बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं।

बदमाशों के 15,521 ठिकानों पर दबिश

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि प्रदेश भर में अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान में राजस्थान पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कुल 3104 टीमों द्वारा की गई कार्रवाई में बदमाशों के 15,521 ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसमें विभिन्न अपराधों में लिप्त 2,903 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

417 कुख्यात अपराधियों सहित 2903 गिरफ्तार

इस अभियान के दौरान कुल 13164 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। अभियान में 417 कुख्यात अपराधियों को जघन्य अपराधों जैसे आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, हत्या, लूट, डकैती आदि में वांछित होने पर गिरफ्तार किया गया। साथ ही 1688 स्थायी वारंटी,उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ की गई। इसके साथ ही 39 इनामी बदमाशों सहित सामान्य प्रकरणों में वांछित 759 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। **जयपुर रेंज ने मारी बाजी -916 गिरफ्तार**

जयपुर रेंज ने सर्वाधिक 4056 स्थानों पर दबिश देकर 79 गंभीर अपराधियों, 579 वारंटियों एवं 20 इनामी और 238 सामान्य अपराधियों की गिरफ्तारी कर अग्रणी स्थान प्राप्त किया।

सार-समाचार

बीस वर्षो से फरार चल रहा इनामी वारंटी राजू उर्फ सम्राट गिरफ्तार



जयपुर। चौमू थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए बीस वर्षो से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी वारंटी राजू उर्फ सम्राट को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपित राजू उर्फ सम्राट मारपीट,धोखाधड़ी, एवं राजकार्य में बाधा के प्रकरण में वांछित चल रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि चौमू थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए बीस वर्षो से फरार चल रहे दस हजार रुपये के इनामी वारंटी राजू उर्फ सम्राट निवासी निवासी रींगस चौमू को गिरफ्तार किया है। आरोपित वारंटी के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों से 4 स्थाई वारंट जारी है। आरोपित के खिलाफ पुलिस थाना चौमू विश्वकर्मा जयपुर पश्चिम, विधाधर नगर जयपुर उत्तर कालाडेरा जयपुर ग्रामीण में विभिन्न धाराओं में कुल 8 प्रकरण दर्ज है ।

अवैध गाँजा के 74 पौधे वजन जब्त कर किया एक आरोपित को गिरफ्तार

जयपुर। बिन्दायका थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम (डीएसटी)ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा (कैनाबिस) के कुल 74 पौधे वजन (लगभग 67 किलोग्राम) जब्त कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बिन्दायका थाना पुलिस और डीएसटी पश्चिम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा (कैनाबिस) के कुल 74 पौधे वजन (लगभग 67 किलोग्राम) जब्त कर राजकिशोर मीणा उर्फ राजू मीणा निवासी सिरसी को गिरफ्तार किया गया। आरोपित ने सिरसी चौराहा के पास कोर्नर पर स्थित खाली भूखंड में काफी संख्या में अवैध मादक पदार्थ गांजा (कैनाबिस) के पौधे उगा रखे थे।

लाखो रुपये हड़पने वाला शातिर ठग नानग राम सोनी गिरफ्तार

जयपुर। झोटवाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिना विधिक अधिकार के परिवादी और अन्य को भूखण्ड बेचकर लाखों रूपये हड़पने वाला शातिर ठग नानग राम सोनी निवासी बगरू हाल नाहरगढ़ जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि आरोपित ने एक ही संपत्ति को एक से अधिक व्यक्तियों को बेच कर दोनो पक्षो से राशि प्राप्त कर विवादित कर दोहरा लाभ प्राप्त करने का आदी है। आरोपित के खिलाफ ऐसे ही अपराध के अन्य कई प्रकरण दर्ज है।

ज्वेलरी की दुकान से जेवरात चोरी

जयपुर। जयसिंह पुरा थाना इलाके में एक ज्वेलरी की दुकान चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नकाबपोश बदमाशों ने शटर तोड़कर अन्दर प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वहीं बदमाशों ने चुराए गहनों को तौलिए में बांधकर बाइक पर बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। एएसआई भगवान सहाय ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर के ओम कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र सोनी (49) ने मामला दर्ज करवाया है कि थाना इलाके में स्थित आरा मशीन के पास उसकी स्नेहा ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। देर रात बदमाशों ने चोरी की नीयत से दुकान का शटर तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी व दराज में रखे लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह दुकान पर आने पर शटर टूटा मिलने पर चोरी की पता चला। कुछ जेवरात और करीब 2.5 किलो चांदी के जेवरात गायब मिले। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

समर फंक के 31 वर्षों का जश्न मनाया

जयपुर । जयपुर के एक स्कूल के 700 से अधिक युवा कलाकारों ने विभिन्न नृत्य शैलियों और थीम आधारित स्टोरी टेलिंग के माध्यम से अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह अवसर था श्यामक डावर इंस्टीट्यूट फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स जयपुर के प्रतिष्ठित समर फंक के 31 वर्षों के जश्न का, जिसमें जयश्री पेरीवाल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के कलाकारों ने एक जीवंत और ऊर्जावान परफॉर्मेंस देकर जश्न में चार चांद लगा दिए। इस शाम ने गति और अभिव्यक्ति की भावना का जश्न मनाया। जो समर फंक की शुरुआत से ही इसकी पहचान रही है। दर्शकों को विविध प्रस्तुतियों का आनंद मिला, जिन्होंने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि उन छात्रों के विकास और परिवर्तन को भी दर्शाया, जो आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ मंच पर उतरे। श्यामक डावर द्वारा ''हैव फीट्स. विल डांस'' के आदर्श वाक्य के साथ शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब एक वैश्विक आंदोलन के रूप में विकसित हो गया है, जो विभिन्न पीढ़ियों के हजारों युवा नर्तकों को सशक्त बना रहा है। समर फंक के माध्यम से, छात्र प्रदर्शन कलाओं में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, नवीन नृत्य-आधारित गतिविधियों, आत्मविश्वास बढ़ाने वाले अभ्यासों और मंच प्रदर्शन के माध्यम से सीखते हैं।

केनरा बैंक डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीज़न 4 ग्रैंड फिनाले के साथ संपन्न

जयपुर। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में डॉक्टर्स की तीन दिवसीय गायन प्रतियोगिता डी एम पी एल सीजन 4 के फाइनल हुए व ग्रैंड फिनाले सम्पन्न हुआ।प्रतियोगिता के संयोजक डॉ सन्दीप निझावन ने बताया कि विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथी महात्मा गाँधी यूनिवर्सिटी जयपुर के एमिरटस चेयर पर्सन डॉ एम एल स्वर्णकार ,समारोह अध्यक्षा केनरा बैंक राजस्थान सर्किल की महाप्रबंधक गीतिका शर्मा ,विशिष्ट अतिथि महिमा ग्रुप के सीएम डी धीरेंद्र मदान ,एमिटी यूनिवर्सिटी राजस्थान के वी सी प्रोफेसर अमित जैन ,बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय व गौरी ज्वेल्स की गौरी माहेश्वरी ने ट्रॉफ़ी प्रदान कर सम्मानित किया ।